एक्वा लाइन का चार किलोमीटर का होगा विस्तार

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में बोर्ड बैठक के बारे में मीडिया को जानकारी देते मुख्य सचिव व ग्रेनो प्राधिकरण के चेयरमैन डॉ .अनूप चंद्र पांडे दाएं से दूसरे ● जागरण

ग्रेटर नोएडा स्थित कॉमर्शियल बेल्ट के सामने से गुजरती मेट्रो ● जागरण

जासं, ग्रेटर नोएडा : ग्रेटर नोएडा मेट्रो डिपो से बोड़ाकी रेलवे स्टेशन और वहां प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच) तक करीब चार किलोमीटर एक्वा लाइन का विस्तार किया जाएगा। इसकी फिजीबिलटी रिपोर्ट तैयार करने का प्रस्ताव को अनुमोदित कर शासन के पास भेज दिया गया है।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा से बड़ी संख्या में लोग नोएडा, दिल्ली, गुरुग्राम व फरीदाबाद नौकरी करने जाते हैं। इनके लिए नोएडा, ग्रेटर नोएडा एक्वा लाइन मेट्रो फिट नहीं बैठ रही है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को उम्मीद थी कि एक्वा मेट्रो के शुरू होने से दिल्ली-एनसीआर की आवाजाही और बेहतर होगी। नौकरीपेशा लोग ग्रेटर नोएडा में बसने को प्राथमिकता देंगे। लेकिन प्राधिकरण की उम्मीद पूरी नहीं हुई। एक्वा मेट्रो के रूट व ब्लू लाइन मेट्रो से सीधे कनेक्टिविटी न होने के कारण काफी कम यात्री इसमें सफर कर रहे हैं। इसलिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण एक्वा मेट्रो को सीधे डीएमआरसी की मेट्रो लाइन से लिंक करने की योजना को शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के 114वीं बोर्ड बैठक में मंजूरी दे दी। इससे दिल्ली, गुरुग्राम की ओर आने-जाने वालों को ग्रेटर नोएडा पहुंचने में काफी सहूलियत होगी। आवाजाही में समय भी कम लगेगा।

जेवर में बनने वाले एयरपोर्ट के लिए भी होगा फायदेमंद : जेवर में बनने वाले नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मेट्रो से कनेक्टिविटी देने की योजना है। एक्वा मेट्रो के नॉलेज पार्क दो स्टेशन से जेवर एयरपोर्ट मेट्रो को लिंक करने की योजना है। एयरपोर्ट तक यात्रियों को कम से कम समय में पहुंचाने के लिए एक्वा मेट्रो को ब्लू लाइन मेट्रो से सीधे लिंक करना जरूरी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के प्रस्ताव से नोएडा एयरपोर्ट मेट्रो को भी फायदा मिलेगा। दिल्ली की ओर से आने वाले यात्री कम समय में सीधे जेवर एयरपोर्ट तक पहुंच सकेंगे।

नोएडा, ग्रेटर नोएडा के बीच चारों तरफ से लिंक हो जाएगी मेट्रो : नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्वा मेट्रो का ग्रेटर नोएडा वेस्ट में भी विस्तार होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसकी घोषणा कर चुके हैं। इसके लिए एनएमआरसी सर्वे करा रहा है।

बोड़ाकी रेलवे स्टेशन से सीधे नोएडा के बोटेनिकल गार्डन तक मेट्रो जाएगी। वहीं ग्रेटर नोएडा से बोड़ाकी तक भी मेट्रो आएगी। इससे नोएडा व ग्रेटर नोएडा के बीच चारों तरफ से मेट्रो लाइ[न] एक-दूसरे से जुड़ जाएगी।

पहले भी बनी थी डीपीआर

एक्वा मेट्रो को नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे के समानांतर मजेंटा लाइन से जोड़ने के लिए पूर्व में भी डीपीआर तैयार हुई थी। ओखला बर्ड सैंक्चुअरी मेट्रो स्टेशन से इसे सेक्टर 142 पर एक्वा मेट्रो स्टेशन से लिंक करने के लिए करीब 11 किमी लंबा ट्रैक बनना था। लेकिन बाद में इस प्रस्ताव को रद कर दिया गया। एक्वा मेट्रो के अब बोटेनिकल गार्डन मेट्रो लाइन में सीधे लिंक होने से एक्सप्रेस वे के किनारे स्थित कंपनियों व शिक्षण संस्थानों के हजारों कर्मचारियों व छात्रों को फायदा होगा।